# नव भारत

1934 से


## एक नजर में



### ग्वालियर में पहाड़ दरकने से एक की मौत

**ग्वालियर.** शहर के व्यस्त मार्ग रामदास घाटी पर पहाड़ का कुछ हिस्सा दिन भर हुई बारिश के दौरान दरक गया. जहां ये पत्थर गिरे, वहीं खड़े जगदीश खटीक ठेले वाले की दबकर मौत हो गई. जगदीश खटीक खाना खाकर अपने दामाद राहुल खटीक के पास जा रहे थे, तभी रास्ते में पानी तेज आने के कारण वह पहाड़ की दीवार के पास खड़े हो गए इसके बाद ऊपर से पहाड़ के पत्थर गिर पड़े. प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर ले जाए जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. वे 60 साल के थे और सुनारों की बगिया वार्ड 2 में रहते थे.

### विहिप नेता के भाई की हत्या पर बवाल

**ग्वालियर.** बहोड़ापुर थाना इलाके में डिलेवरी बॉय की गोली मारकर हत्या के बाद परिजन और बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आये. आनंदनगर चौराहे पर विहिप नेता चेतन मीणा विवेक मीणा की हत्या के मामले में आरोपियों की पहचान होने के बावजूद 12 घंटे तक गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज लोगों ने दोपहर लगभग 2 बजे चक्काजाम कर दिया. पुलिस ने पहले प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया. जब भीड़ नहीं हटी तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों का सड़क से हटाया और चक्काजाम खुलवाया. बहोड़ापुर सर्किल के सीएसपी किश्तेपाल सिंह ने बताया कि तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है.

### दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो में मिला शराब का जखीरा

**जबलपुर.** गोसलपुर पुलिस ने एनएच 30 रोड किनारे रामपुर नर्सरी के पहले रामपुर में दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो से शराब का जखीरा जब्त किया है. वाहन की तलाशी लेने पर खाकी रंग के कार्टूनों में कुल 25 कार्टून में कुल 1250 पाव शराब, 225 लीटर कीमती 1,50,000 रुपये रखी मिली पुलिस ने स्कार्पियो क्रमांक एमपी 09 वी 7688 समेत शराब जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है. .

# स्वामित्व योजना में रजिस्ट्री का शुभारंभ करेंगे पीएम मोदी

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 28 अगस्त. अगले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार जिन बड़ी योजनाओं की उपलब्धि को लेकर जनता के सामने वोट मांगने जाएगी, उसमें स्वामित्व योजना भी शामिल है, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निजी संपत्तिधारकों को उनके स्वामित्व के आवास या निजी संपत्ति की रजिस्ट्री राज्य सरकार कराएगी.**

इस योजना को सरकार ने भुनाने की पूरी तैयारी कर ली है. इसके लिए सबसे पहले रजिस्ट्री कराने की योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कराने की योजना तैयार की गई है. ये अभियान शुरू होने के बाद कम से कम एक वर्ष तक चलेगा.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिल्ली में अगले माह किसी भी समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे और उनसे इस योजना के तहत रजिस्ट्री कराने की योजना का शुभारंभ करने का अनुरोध करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी की ओर से समय मिलने के बाद दीपावली से पहले प्रदेश में बड़ा कार्यक्रम होगा.

वैसे एक विकल्प राजधानी भोपाल का है, जहां के जम्बूरी मैदान में यह आयोजन किया जा सकता है, जिसमें प्रदेशभर से दो लाख से अधिक ग्रामीणों को राजधानी में आमंत्रित किया जाएगा और उनकी मौजूदगी में अभियान का शुभारंभ होगा. राज्य सरकार की कोशिश है कि बारिश के सीजन के बाद ये बड़ा कार्यक्रम हो. इस योजना को अगले वर्ष होने वाले नगरीय और पंचायत चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण माना जा रहा है.तय प्रक्रिया के हिसाब से ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी की भूमि निः शुल्क रजिस्ट्री के लिए अधिकार अभिलेखों के पंजीयन, जिला स्तर पर राजस्व और पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों की संयुक्त कमेटी गठित होगी.कमेटी रहित भूमि का चिन्हांकन का काम भी पूरा करेगी.



**सीएम करेंगे पीएम मोदी से औपचारिक अनुरोध**

**कम से कम एक साल चलेगा अभियान**

### 38 सौ करोड़ की राशि खर्च करेगी सरकार

स्वामित्व योजना के तहत निजी संपत्तियों की रजिस्ट्री कराने पर राज्य सरकार 3800 करोड़ रुपए की बड़ी राशि खर्च करेगी. इस खर्च होने वाली राशि के लिए पहले ही सरकार ने अनुमति दे दी है. वैसे प्रदेश में अब तक राजस्व विभाग ने 68 लाख 11 हजार से अधिक अधिकार अभिलेख तैयार कर दिए हैं, इसे तैयार करने में ड्रोन की मदद ली गई है. ये काम अब प्रदेश के सभी जिलों में पूरा कर लिया गया है.

### 48 .32 लाख संपत्तियों का मिलेगा मालिकाना हक

राजस्व विभाग ने जो तैयारी की है, उसके मुताबिक प्रदेश में 48 .32 लाख निजी संपत्तियों का मालिकाना हक संपत्ति के मालिक को मिलेगा. दरअसल यह वह संपत्ति या आवास है, जिस पर लोग काबिज तो हैं, लेकिन उस आवास या संपत्ति की रजिस्ट्री नहीं है. रजिस्ट्री नहीं होने से संपत्ति का बैंक या वित्तीय संस्थाओं के लिए कोई मोल नहीं होता. अब रजिस्ट्री होने के बाद इस तरह की निजी संपत्ति को संपत्तिधारक बैंकों में बंधक भी रख सकेंगे और उस पर कर्ज भी ले सकेंगे. बैंक ऐसी संपत्तियों का मूल्यांकन करेगा और उसके हिसाब से संपत्तिधारक को कर्ज के लिए पात्रता तय करेगा. ये योजना राज्य सरकार के लिए गेमचेंजर योजना साबित हो सकती है. इस बात को सरकार जानती है, लिहाजा इसे भुनाने की तैयारी भी उसी हिसाब से की जा रही है.

### देशभर के 2,000 जिनालयों में होगा शुद्धिकरण अभियान

**नाहरगढ़.** जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार के संयुक्त तत्वावधान में पर्युषण महापर्व के पूर्व देशभर में जिनालय शुद्धिकरण का विशेष अभियान 30 अगस्त को श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया जाएगा. इस अभियान के अंतर्गत 2,000 जैन जिनालयों का शुद्धिकरण किया जाएगा. अभियान में गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र सहित देश के अनेक राज्यों में जिनालय शुद्धिकरण का कार्य श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाता है. इसमें जिन मंदिरों की विशेष साफ-सफाई के साथ-साथ जिनालय की साज-सज्जा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को भी व्यवस्थित किया जाता है.

# वारिश ने वीरू बनकर दिया झांसा

## इंदौर में लव जिहाद का मामला, वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 28 अगस्त. लसूड़िया क्षेत्र में पहचान छिपाकर युवती से दोस्ती करने, होटल में उसके साथ जबरदस्ती करने और अश्लील फोटो-वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने के आरोपी वारिश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

युवती का आरोप है कि आरोपी ने बाद में उसकी वास्तविक पहचान सामने आने के बाद धर्म परिवर्तन कर शादी करने के लिए भी दबाव बनाया. युवती ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2019 में वारिश ने खुद को 'वीरू' बताकर उससे दोस्ती की और करीब छह महीने तक बातचीत करता रहा. फरवरी 2020 में वह उसे होटल ले गया, जहां



जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने के साथ उसके फोटो वीडियो बना लिए. इसके बाद इन्हें वायरल करने की धमकी देकर वह युवती को ब्लैकमेल करता रहा. इसी दौरान आरोपी ने परिजनों की मर्जी से दूसरी युवती से शादी कर ली और उससे दूरी बना ली. बाद में अपनी शादी से संतुष्ट नहीं होने की बात कहकर वह फिर युवती के संपर्क में आया और शादी का दबाव बनाने लगा. इसी दौरान युवती को पता चला कि जिस युवक को वह वीरू समझती रही, उसका वास्तविक नाम वारिश है. युवती ने पुलिस को बताया था कि पहचान सामने आने का विरोध करने पर आरोपी ने उस पर धर्म परिवर्तन कर उससे शादी करने का दबाव बनाता था. जब मैं उसे इनकार करती तो वह फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देता है.

### पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

मामले में एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने नव भारत को बताया कि युवती की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार किया है. मामले में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# चौकीदार को कुचलने वाला आरोपी प्रेमिका संग गिरफ्तार

**इंदौर, 28 अगस्त. लसूड़िया थाना क्षेत्र की ला एग्जॉटिका कॉलोनी में चौकीदार की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के मुताबिक, दोनों वारदात के बाद इंदौर छोड़ने की तैयारी में थे.**

इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने बायपास स्थित बेस्ट प्राइज के पास बस स्टॉप से दोनों को पकड़ लिया. पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल कार भी बरामद की है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजा कुमावत और उसकी महिला मित्र शालिनी उर्फ सेजल के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार, बुधवार रात टाउनशिप में कार लेकर जबरन प्रवेश करने को लेकर चौकीदार धर्मेंद्र मालवीय ने उन्हें रोकने की कोशिश की थी. इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ. बताया गया है कि धर्मेंद्र अपने परिवार के साथ टाउनशिप में रहकर सुरक्षा व्यवस्था संभालता था.

# कटनी से लापता नर्सिंग छात्र की रायपुर में मिली जली हुई लाश

**कटनी/जबलपुर/रायपुर, 28 अगस्त.** जबलपुर के गोहलपुर थाना अंतर्गत न्यू नर्मदा नगर से लापता हुए कटनी निवासी 24 वर्षीय नर्सिंग छात्र शनि दुबे की रायपुर (छत्तीसगढ़) में जली हुई लाश मिलने से हड़कंप मच गया है.

**हत्या की आशंका से गांव-परिवार में पसरा मातम**

परिजनों ने छात्र की नृशंस हत्या किए जाने की आशंका जताई है. शव का कटनी में अंतिम संस्कार कर दिया गया है. कटनी जिले के केदारधाम दुबे कॉलोनी निवासी शनि दुबे जबलपुर के मेट्रो अस्पताल में कार्यरत था और रोजाना परिजनों से बात करता था. बीते 20 अगस्त के बाद जब दो-तीन दिन तक परिजनों से उसका संपर्क नहीं हो सका और मोबाइल फोन बंद आने लगा, तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई. इसके बाद परिजन जबलपुर पहुंचे, लेकिन वह कमरे पर नहीं मिला, जिसके बाद गोहलपुर थाने में गुमशुदगी व अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी.

### ओरछा में बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

**ओरछा, 28 अगस्त.** रविवार-सोमवार को ओरछा में बीजेपी की कार्यसमिति बैठक होने जा रही है. इसमें मिशन 2028 के लिए रणनीति तैयार की जाएगी. साथ ही युवा पीढ़ी को अपने तरफ करने पर भी फोकस रहेगा. इसके अलावा दतिया उपचुनाव में मिली हार पर समीक्षा हो सकती है. रक्षाबंधन के बाद मध्य प्रदेश भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की अहम बैठक राम राजा की नगरी में होने वाली है. यह बैठक 30 और 31 अगस्त को ओरछा के प्रतिष्ठित राजमहल पैलेस होटल और राजविलास होटल में आयोजित की जाएगी.

# चोरी छिपाने रचा एक्सीडेंट का झूठा खेल

## 400 फीट गहरी खाई में ट्रक फेंककर लगाई आग

**देवास, 28 अगस्त. सिया घाट की करीब 400 फीट गहरी खाई में ट्रक गिराकर उसे आग के हवाले करने की घटना को पुलिस ने महज हादसा नहीं माना और यहीं से जांच की दिशा बदल गई.**

मौके पर किसी व्यक्ति के घायल नहीं मिलने से मामला संदिग्ध लगा. पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम् के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों, तकनीकी साक्ष्यों और परंपरागत पुलिसिंग से घटनाक्रम की एक-एक कड़ी जोड़ी तो सच सामने आ ही गया. 23 अगस्त को



सिया घाट पर ट्रक के खाई में गिरने और आग लगने की सूचना मिलने पर थाना कन्नौद पुलिस मौके पर पहुंची. घटनास्थल की परिस्थितियों और किसी के घायल नहीं होने से

पुलिस को मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध लगा. इसके बाद पुलिस ने सामान्य दुर्घटना की जांच के बजाय पूरे घटनाक्रम की बारीकी से पड़ताल शुरू की. जांच में पता चला कि 21 अगस्त को ट्रक क्रमांक एमपी 04 एचई 4288 में 285 क्विंटल सोयाबीन लोड कर हिंगनघाट, महाराष्ट्र के लिए रवाना किया गया था. ट्रक चालक और उसके साथियों ने करीब 19 लाख रुपए कीमत की सोयाबीन चोरी कर ली. चोरी का राज छिपाने के लिए ट्रक को सिया घाट की करीब 400 फीट गहरी खाई में फेंक दिया गया.

# हिरासत से पटवारी फरार, एएसआई सस्पेंड

**सिंगरौली, 28 अगस्त. शासकीय भूमि के धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार निलंबित पटवारी राजेश नामदेव पुलिस को झांसा देकर जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न से सुबह भाग गया. जिसकी तलाश जारी है.**

वहीं इस मामले में पुलिस अधीक्षक सिंगरौली सियाज केएम ने एएसआई और आरक्षक को निलंबित कर दिया है. जानकारी के अनुसार मोरवा थाना क्षेत्र के कतरिहार गांव की शासकीय भूमि आराजी खसरा नम्बर 356 में हेराफेरी एवं कूटरचना कर खसरा नम्बर 356/4 रकवा 4.470 हे. गोन्ही बेवा बैजनाथ भूर्तिया निवासी कतरिहार के नाम फर्जी तौर पर भूमि स्वामी दर्ज कर दिया गया. जांच उपरांत आरोप सही पाए गये, जहां आरोपी राजेश नामदेव के विरूद्ध मोरवा थाना में भादवि की धारा 419, 420, 467, 468 एवं 471 के तहत अपराध वर्ष 2015 में पंजीबद्ध किया गया है.


## स्कैन करो और जीतो

## रीडर्स सर्वे

## नव भारत

### विजेताओं के नाम

| नाम | शहर का नाम | मोबाईल नं. | पुरस्कार |
| --- | --- | --- | --- |
| Chetram Namdeo | Biaora | XXXXX8869 | Microwave |
| Santosh Jha | Bina | XXXXX2834 | Trolley bag |
| Mohammad Humair | Bhopal Urban | XXXXX2968 | Trolley bag |
| Dinesh Gurjar | Bhopal Rural | XXXXX8343 | Trolley bag |
| Athar | Bhopal Urban | XXXXX9186 | Trolley bag |
| Ajay Bhattar | Talen | XXXXX2749 | Trolley bag |
| Manish Rathore | Bhainsdehi | XXXXX9600 | Frying Pan set |
| Vinita Gupta | Bhopal Urban | XXXXX2786 | Frying Pan set |
| Archana Gonde | Pandhurana | XXXXX0554 | Frying Pan set |
| Sharad Mishra | Vidisha | XXXXX8276 | Frying Pan set |
| Prashant Dharmik | Bhopal Urban | XXXXX0927 | Frying Pan set |
| Akansha Songara | Pachore | XXXXX5882 | Frying Pan set |
| Siddharth Wankhede | Bhopal Urban | XXXXX8225 | Frying Pan set |
| Sarfaraz Ansari | Padana | XXXXX8305 | Frying Pan set |
| Mayank | Jirapur | XXXXX8027 | Frying Pan set |
| Priyanka Sahu | Pipariya | XXXXX6931 | Frying Pan set |
| Ashok Sharma | Khujner | XXXXX1824 | Big cool jug |
| Surya Soni | Vidisha | XXXXX4874 | Big cool jug |
| Ashish Yadav | Sagar | XXXXX4827 | Big cool jug |
| Sameer | Udankhedi | XXXXX8270 | Big cool jug |
| Radheshyam Sharma | Biaora | XXXXX2402 | Big cool jug |
| Arun Shivhare | Narsinghgarh | XXXXX7575 | Small Cool Jug |
| Vijay Yadav | Boda | XXXXX2872 | Small Cool Jug |
| Deepak Kahar | Gurjar Wada | XXXXX7675 | Small Cool Jug |
| Dharmendra Badone | Udankhedi | XXXXX2971 | Small Cool Jug |
| Girish Rao | Ganj Basauda | XXXXX4668 | Small Cool Jug |

संपर्क करें :- 9001094480


# दम तोड़ती मुरार नदी को मिलेगा नया जीवन

## नवभारत की खबर का असर : सीसी रोड और जाली लगाने का काम शुरू

**ग्वालियर, 28 अगस्त. नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत मुरार नदी के सौंदर्यकरण और जीर्णोद्धार की योजना प्रशासनिक उपेक्षा के कारण दम तोड़ती नजर आ रही थी.**

कभी ग्वालियर के एक बड़े हिस्से की जीवनदायिनी रही मुरार नदी धीरे-धीरे कचरे के गंदे नाले में तब्दील हो चुकी थी. आसपास के लोग लगातार इसमें कूड़ा-कचरा फेंक रहे थे, जिसे लेकर नवभारत ने प्रमुखता और जवाबदेही के साथ सिलसिलेवार खबरें प्रकाशित की थीं. अब उन



खबरों का बड़ा असर देखने को मिला है. नगर निगम ग्वालियर ने नदी के संरक्षण के लिए धरातल पर काम शुरू कर दिया है.

### करीब 1.5 किमी लंबी रोड का निर्माण शुरू

नगर निगम द्वारा मुरार नदी रपट से लेकर नदी पार टाल तक नई सीसी रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है. संबंधित ठेकेदार के अनुसार, यह सड़क 3 मीटर चौड़ी और लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी है, जिसकी स्वीकृति रपट से नदी पार टाल तक मिली है. रोड बनने से क्षेत्र के आवागमन में सुधार होगा.

# सरकारी कर्मचारी बन लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

रीवा नवभारत

**सरकारी कर्मचारी बनकर रीवा नगरी विकास क्षेत्र में दुकान और आवास दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को पीड़ितों ने खुद पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है.**

**पीड़ितों ने जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ा**

आरोपी की पहचान राजाराम सोनी निवासी सिहावल, जिला सीधी के रूप में हुई है. पुलिस पीड़ितों से शिकायत लेकर मामले की जांच कर रही है,पीड़ितों ने आरोपी को पकड़ने के लिए खुद ग्राहक बनकर उसे सिरमौर चौराहा स्थित अटल पार्क के पास बुलाया और घेराबंदी कर दबोच लिया. इसके बाद उसे अमहिया थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया. बताया जा रहा है कि आरोपी रीवा शहर में घूम-घूम कर फर्जी योजनाओं के प्लेट, पोस्टर और व्हाट्सएप पर फर्जी दस्तावेज भेजकर लोगों को झांसा देता था.


## रक्षा बंधन | महाकाल मंदिर परिसर के साथ ही मुख्यमंत्री निवास पर मोहन यादव ने मनाया रक्षा पर्व

# सफाई मित्र बहनों ने बांधीं राखी, सीएम ने दिया रक्षा का वचन

नवभारत न्यूज

**उज्जैन, 28 अगस्त. रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगर पालिका निगम की सफाई मित्र बहन महाकाल मंदिर की सफाई मित्र बहन, महाकाल मंदिर की सुरक्षा करने वाली गार्ड के साथ राखी का पर्व उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया.**

शहर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली नगर निगम की सफाई मित्र बहनें, महाकाल मंदिर की सफाई



मित्र बहनें , सुरक्षा गार्ड की भूमिका निर्वाह करने वाली मातृशक्तियो का आज का दिन खुशियों का रहा. रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मातृ शक्तियों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाते हुए उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित भी किया. उक्त आयोजन देवास रोड स्थित मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित हुआ. इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे.

### महिला पुलिस कर्मियों ने भी बांधी राखी

उज्जैन पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में उज्जैन महिला पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया. इस दौरान सीएसपी से लेकर कॉन्स्टेबल तक मौजूद थे.